वर्षः- 06
अंकः- 77
मुरादाबाद
(Tuesday)
07 July 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी इंडोनेशिया पहुंचे

## पीएम मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश दौरे के पहले चरण में आज इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर साझा किए संदेश में बताया कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने हवाईअड्डे पर उनका स्वागत कियाप्रधानमंत्री मोदी के जकार्ता पहुंचने पर भारतीय समुदाय लोगों ने उनका स्वागत किया और उनके दौरे को लेकर प्रतिक्रिया भी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जकार्ता में होटल पहुंचे, जहां प्रवासी भारतीयों ने भारत माता की जय और मोदी, मोदी के नारे लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट



किया किया, जकार्ता पहुंच गया हूं। एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के स्वागत करने के अंदाज से मैं बहुत प्रभावित हुआ। 2018 में हमने अपने रिश्तों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाया, जिससे हमारे लोगों को फायदा हुआ है। इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो और मैं अलग-अलग क्षेत्रों में इस साझेदारी को और मजबूत करने के लिए बातचीत करेंगे।राष्ट्रपति प्राबोवो और मैं योग्याकार्ता में प्रम्बानन मंदिर परिसर जाएंगे। इससे हमारे देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध और गहरे होंगे। इंडोनेशिया में रहने के दौरान, मैं भारतीय समुदाय के लोगों से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं। पीएम मोदी का यह दौरा भारत और इंडोनेशिया के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, निवेश, रक्षा, समुद्री सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री इंडो पैसिफिक मिशन के तहत छह दिवसीय विदेश दौरे पर इंडोनेशिया के बाद ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा, समुद्री सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों सहित कई अहम विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आज पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु सरकार ने उनके योगदानों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा, डॉक्टर मुखर्जी के विचारों से भारतीय जनसंघ का उदय और भाजपा का विस्तार हुआप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उनके योगदानों को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों से भारतीय जनसंघ का उदय हुआ। उनका जीवन एक वैचारिक जन आंदोलन की प्रेरक परिणति है। उन्होंने भारत में एक नए वैचारिक आंदोलन को जन्म दिया। यह लोकतंत्र में वैचारिक विविधता, राष्ट्रीय चिंतन और जन भागीदारी पर उनके अटूट विश्वास की अभिव्यक्ति थी। इंडोनेशिया दौरे पर गए पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा, %जनसंघ की स्थापना के समय कांग्रेस का हर तरफ बोलबाला था। ऐसे दौर में डॉक्टर मुखर्जी ने उन परिस्थितियों को चुनौती देते हुए एक नए विचार का साहस किया। यह केवल एक संगठन या राजनीतिक दल बनाने का निर्णय नहीं था। भारतीय जनसंघ का जन्म इसी विश्वास से हुआ था। कोई भी विचार केवल स्थापना से अमर नहीं होता।%पीएम मोदी ने कहा, लाखों कार्यकर्ताओं ने अपने तप, त्याग और समर्पण से इस विचार को सींचा। आज भारतीय जनसंघ भले ही अपने मूल स्वरूप में न हो। लेकिन उसका प्रकाश करोड़ों देशवासियों के विश्वास का प्रकाश बनकर फैल रहा है। यह प्रकाश आज पूरे देश में खिले हुए करोड़ों कमल के रूप में भी दिखाई देता है। भारतीय जनसंघ ही आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्ति बनकर जनसेवा कर रहा है।बकौल प्रधानमंत्री मोदी, %अक्सर समय के साथ कुछ विचारों का आकर्षण फीका पड़ जाता है। डॉक्टर मुखर्जी ने एक सशक्त विचार बीज रोपा है। आज इतने साल बाद भी उसका इतनी तेजी से विस्तार हो रहा है। आने वाली पीढ़ियां भारतीय जनता पार्टी की इस यात्रा का इतिहास लिखेगी। वे निश्चित रूप से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों, साहस और दूरदृष्टि का उल्लेख करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आभूषण चोरी पर ट्रस्ट का जवाब: काकभुशुंडी, सोने की रामायण दिखाई, कहा- सभी वस्तुएं सुरक्षित, आकर देख सकते हैं

श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने दान में मिले आभूषण और बहुमूल्य धातुओं की चोरी के आरोपों का खंडन किया। 2800 वस्तुएं व उनके अभिलेख सुरक्षित हैं। 22 जुलाई को ट्रस्ट की फिर बैठक होगी।श्रीराम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले में मंदिर को दान में दिए गए आभूषण और बहुमूल्य धातुओं की चोरी के आरोपों को लेकर ट्रस्ट ने स्थिति साफ की। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज ने कहा, हमारे पास 2800 वस्तुओं का रिकॉर्ड सुरक्षित हैं। सभी वस्तुएं हमारे पास सुरक्षित हैं। चोरी के आरोपों के बाद चर्चा में आईं दान की वस्तुओं जैसे, स्वर्णांकित रामचरितमानस, काकभुशुंडी, भगवान का कंठा, चरण पादुकाओं को दिखाया। उन्होंने कहा कि अगर किसी दानदाता को दान दी गई वस्तु को देखना है तो वह आकर और प्रमाण देकर उसे देख सकता है।गोविंद देव गिरि ने ट्रस्ट की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता की। जिसमें उन्होंने कहा, आरोप लगाए जाते हैं कि कई अन्य बेहतरीन चढ़ावे और दान की गई चीजें भी गायब हो गईं। हम आपको दिखाने के लिए इन सभी चीजों का रिकॉर्ड रखने वाला रजिस्टर लाए हैं। हम उन सभी चीजों का विवरण पेश करेंगे जिनकी बात हो रही है।2800 चीजों की सूची वाला ट्रस्ट के पास है रजिस्टर- गोविंद देव ने कहा, हम आज आपके सामने ये सब दिखाने जा रहे हैं। इसके अलावा, हम आपको बताना चाहते हैं

## सीएम योगी बोलेः डॉ.श्याम प्रसाद ने बंगाल को पाकिस्तान का हिस्सा बनाने का किया था विरोध, देश के लिए दिया बलिदान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनसंघ और भाजपा के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के स्वप्न दृष्टा था। अंग्रेजों ने पूरे बंगाल को पाकिस्तान में देने की साजिश रची थी, जिसका विरोध श्याम प्रसाद ने किया था।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनसंघ और भाजपा के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के स्वप्न दृष्टा था। अंग्रेजों ने पूरे बंगाल को पाकिस्तान में देने की साजिश रची थी, जिसका विरोध श्याम प्रसाद ने किया था। आज संयोग है कि उनकी 125वीं जयंती पर केंद्र में भी भाजपा की सरकार है और पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार है। योगी आदित्यनाथ सोमवार को यमुना बैंक रोड पर प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा का यह कमल सत्ता का कमल नहीं, सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन का कमल है।नेहरू की तुष्टीकरण की नीति का किया था विरोध- योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पं. जवाहर लाल नेहरू की तुष्टीकरण की नीति का विरोध करते हुए उनकी कैबिनेट से त्यागपत्र दे दिया था। स्वतंत्र भारत के बाद बनी पहली कैबिनेट में हर



दल के नेता को मंत्री बनाया गया था। हिंदू महासभा कोटे से श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंत्री बने थे। प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू सरकार ने देश की भावनाओं के विरुद्ध तुष्टीकरण की नीति पर चलकर जब अखंडता के विपरीत आचरण किया तो उसका श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने खुलकर विरोध किया और नेहरू मंत्रिमंडल से त्याग पत्र दे दिया था।पीएम मोदी कर रहे श्यामा प्रसाद के सपनों को पूरा- योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो निशान, संविधान का विरोध किया था। उनके सपनों को पूरा करते हुए मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाने का कार्य किया। आज कश्मीर उसी तरह से भारत का एक राज्य है, जैसे हर राज्य हैं। केशव प्रसाद, स्वतंत्रदेव और नंदी रहे मौजूद- सीएम योगी के कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, आयोजक और संयोजक महापौर गणेश केसरवानी, सांसद प्रवीण पटेल, डॉ. विनोद कुमार बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, विधायकगण सिद्धार्थनाथ, हर्षवर्धन बाजपेयी, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, राजमणि कोल, वाचस्पति, पूजा पाल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, केपी श्रीवास्तव, बाबूलाल तिवारी, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, भाजपा नेता सुरेश मौर्य, कृतिका अग्रवाल, संतोष पटेल, नीरज त्रिपाठी, अशोक बाजपेयी, उदयभान करवरिया, संजय गुप्ता, राजेश शुक्ला, निर्मला पासवान, रुद्रसेन जायसवाल आदि मौजूद रहे।श्री बड़े हनुमानजी का किया दर्शन- कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन पूजन करते हुए आरती उतारी। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत अन्य मंत्री मौजूद रहे। महंत बलवीर गिरि महाराज ने पूजन कार्यक्रम को संपन्न कराया।

## अखिलेश बोलेः चढ़ावा चोरी से आस्था के साथ हुआ खिलवाड़, खजाना देखकर सत्ता में बैठे लोगों का डोल गया मन



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना में आस्था के साथ खिलवाड़ हुआ है। इस मामले की पूरी जांच की जानी चाहिए। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी से आस्था और श्रद्धा के साथ खिलवाड़ हुआ है। खजाना देखकर सत्ता में बैठे लोगों का मन डोल गया। उन्हें आस्था और श्रद्धा की परवाह नहीं है। अखिलेश ने सोमवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेस में अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में जो घटना हुई है, उसका सम्पूर्ण विश्व के राम भक्त संज्ञान लें। दुनिया भर के सनातनी, अयोध्या के साधु संत, सर्वोच्च न्यायालय, लोकसभा अध्यक्ष, अयोध्या के सभी नागरिक और पीडीए समाज भी अयोध्या में चढ़ावा चोरी की घटना का संज्ञान ले।उन्होंने कहा कि भाजपा में सत्ता का संघर्ष चल रहा है। अगर चढ़ावा चोरी की जांच ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स करती तो जांच दिल्ली वालों के हाथ में होती और रिपोर्ट उनके पास जाती। दिल्ली वाले जब तक सोचते, तब तक लखनऊ वालों ने एसआईटी बना दी और अब रिपोर्ट इनके पास आएगी। अयोध्या में पैसे को देखकर ये लोग सारी मर्यादाएं और लक्ष्मण रेखा पार कर गए हैं।एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर हमारे खिलाफ जो दुष्प्रचार चल रहा है, सपा कार्यकर्ता उस पर एफआईआर लिखाएंगे। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता के लिए संकट है। किसानों को डीएपी और यूरिया खाद नहीं मिल रही है। लखनऊ के सिविल अस्पताल को अच्छा बनाने के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार में सूचना विभाग की बिल्डिंग खाली कराई गई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने दस साल में कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि सीमा पर सबसे ज्यादा उल्लंघन चीन की सेना ने किया है, लेकिन सरकार चुप है।भाजपा संगठन और सरकार में झगड़ा- अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार में झगड़ा है कि दौरे के दौरान लखनऊ में कर्फ्यू जैसी स्थिति रही। जब कोई काम नहीं था तो चाय पीने चले गए। गुटबाजी देखते हुए आम खाने गए थे। शिक्षक व निर्वाचन क्षेत्र में बढ़ाएंगे वोट- अखिलेश यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान चला कर नए लोगों को जोड़ा जाएगा। संगठन और सभी नेता, कार्यकर्ता मिलकर विधान परिषद के शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में वोट बढ़ाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में लखनऊ के कई भाजपाई अपना क्षेत्र बदलने की तैयारी कर रहे है। वे जहां से लड़ेंगे समाजवादी पार्टी उन्हें वहीं हराएगी। भाजपा सरकार ने लखनऊ के विकास में अडंगा लगाया। सपने में देखा, सपा को मिलेंगी 270 सीट- अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने सपने में देखा है कि विधानसभा चुनाव में सपा को 270 सीटें मिलेंगी।

## बारुईपुर कांड से क्यों उबला बंगालः सड़क पर उतरीं ममता बनर्जी; मृतका के परिजनों से मिले TMC के प्रतिनिधी

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में कथित दुष्कर्म और हत्या की शिकार 11 वर्षीय बच्ची के परिवार से सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (TMC) के ममता बनर्जी गुट के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। यह मुलाकात ऐसे समय हुई, जब इलाके में निषेधाज्ञा लागू थी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में 11 वर्षीय बच्ची के कथित दुष्कर्म और हत्या मामले में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। निषेधाज्ञा के बावजूद ञ्स्ष्ट नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। दूसरी ओर सरकार ने स्ढ्ढञ्ज गठित कर मुख्य आरोपी समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है। हिंसा, मॉब लिंचिंग और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच मामले की जांच जारी है। प्रतिनिधिमंडल में कौन-कौन नेता रहे शामिल?- प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक बिमान बनर्जी, राज्यसभा सांसद डोला सेन और जयनगर की सांसद



प्रतिमा मंडल समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। नेताओं ने पीड़िता के पिता और मां से अलग-अलग मुलाकात की तथा पार्टी की ओर से कानूनी और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। मुलाकात के बाद डोला सेन ने पत्रकारों से कहा, %हम यहां ममता बनर्जी के प्रतिनिधि के रूप में आए थे। हमने पीड़िता के पिता से उनके बारुईपुर स्थित घर पर और मां व अन्य परिजनों से उनके पैतृक गांव में मुलाकात की। हमने उन्हें भरोसा दिलाया है कि ममता बनर्जी परिवार के साथ मजबूती से खड़ी हैं और उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी।% बारुईपुर जाने से पहले ममता के घर हुई बैठक- प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बारुईपुर रवाना होने से पहले प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण कोलकाता स्थित ममता बनर्जी के कालीघाट आवास पर बैठक की। इसके बाद सभी नेता पीड़ित परिवार से मिलने के लिए निकले।ममता बनर्जी ने निकाला कैंडिल मार्च घटना के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में कैंडिल मार्च निकालकर पीड़िता को श्रद्धांजलि दी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग दोहराई। मार्च में बड़ी संख्या में ञ्स्ष्ट नेता, कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौकान ममता बनर्जी ने कहा कि इस जघन्य अपराध के आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सरकार हरसंभव कदम उठाए। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पीड़िता के परिवार से मिलने से रोकने के लिए उनके आवास के बाहर बैरिकेडिंग की गई और भारी पुलिस बल तैनात किया गया। ञ्स्ष्ट विधायक बिमान बनर्जी ने कहा कि पुलिस को अपराधियों की गिरफ्तारी में सक्रियता दिखानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के पास विरोध-प्रदर्शन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था और यह प्रदर्शन पूरी तरह स्वत:स्फूर्त था।

## संपादकीय Editorial

### These advocates of Pakistan

Why should India negotiate with Pakistan? Why restore diplomatic, cultural, social, and professional relations? Should a terrorist state be taught a lesson or should love be expressed through dialogue? Have the 117 faces who are advocating for Pakistan today forgotten that 'Operation Sindoor' is still ongoing? Have they forgotten the massacre in Pahalgam? Have they forgotten the sacrifice of the 40 'martyrs' in Pulwama? Have they forgotten the conspiracies of pro-Pakistan demons and murderers, from Uri to the 26/11 Mumbai terror attacks? Have these advocates lost any of their loved ones to terrorism? How and who can forget the suffering, the murder, the pain, the emptiness, the empty courtyards, the ruined vermillion? What compels India to negotiate with Pakistan's terrorist, murderous regime? What does this hungry, naked, and indebted country have that it can provide India? And what guarantee is there that tensions on the borders will subside after dialogue and relations are restored? Terrorists will not be sent across the border? Will anti-India propaganda, under the guise of Kashmir, cease on global platforms? Has the snake ever changed its nature? The 117 people who have written an open letter to Prime Minister Modi and alleged Prime Minister Shahbaz Sharif, urging India-Pakistan dialogue and better, more effective relations, include former Jammu and Kashmir Chief Ministers Dr. Farooq Abdullah and Mehbooba Mufti, as well as former Union Ministers Mani Shankar Aiyar and Saifuddin Soz. Mani Shankar went to Pakistan with Salman Khurshid to plead for help in removing the Modi government. This incident occurred in November 2015. Both alleged Congress leaders had said that India-Pakistan relations could not improve without removing Modi. Now that they are included in the list of advocates, that is completely meaningless. Former head of the intelligence agency RAW, A.S. Dulat, is also on the list. He is well-versed in the very core of Pakistan and has witnessed numerous terrorist attacks. We don't know how prominent diplomats like OP Shah, Manoj Jha, Jawahar Sarkar, etc. are, but the 61 Indian names on the list are undoubtedly staunch opponents of Prime Minister Modi and pro-Pakistan figures. Who cares about them today? What relevance do they have? Has any of them written a letter to the Prime Minister of Pakistan urging him to stop breeding terrorist snakes? To dismantle their bases. The government and military should also stop financially supporting terrorists and providing them "jihadi support." In fact, whenever terrorism is mentioned, these advocates start stammering or resort to abusive language. A Pakistani minister is threatening to stockpile 130 nuclear weapons for India. Former Foreign Minister Bilawal Bhutto is currently threatening "nuclear war." One nefarious minister even said that if anyone touches water, they will break his hand. Pakistan's alleged Deputy Prime Minister, Ishaq Dar, considers blocking the Indus River waters an act of war. Has Pakistan forgotten the attacks of "Operation Sindoor," in which 11 of its airbases were razed to the ground? Anyway, will India negotiate with a government run by such terrorist, threatening ministers? Why would it? Have these 117 "retired faces" forgotten that terrorists based and active in Pakistan have killed over 40,000 innocent people, destroyed monasteries and temples, and violated the dignity and honour of women? Who in Pakistan wants better relations? The people lack even flour, pulses, rice, sugar, fruits, and vegetables. Are such people fully aware of the horrific, ugly realities? Pakistan should first calm the situation in Balochistan, Khyber, and so-called Azad Kashmir, where the nefarious army is openly gunning down civilians.

# Life Stream: The meaning of life lies not in accumulation, but in rhythm; Sutra: Be spontaneous

Nature is the world's oldest and most patient teacher. It doesn't preach or command, it simply exists. Its silent presence can bring about a transformation within a human being that even thousands of words cannot. No matter how many walls a human being has built around themselves, their soul is still a child of nature. They may live in cities and metropolises, live among stones, fill their lives with ambition and noise, but somewhere within them, a silent memory always lives. This silent memory is of the open sky, the flowing wind, or the peace of a riverbank. Perhaps this is why, when life seems extremely difficult and artificial, humans involuntarily yearn to return to nature, like a tired child finally returning to its mother's lap. Nature is the world's oldest and most patient teacher. It doesn't preach or command, it simply exists. Its silent presence can bring about a transformation within a person that even thousands of words cannot. When I walk through a forest, it feels as if the earth itself is slowly breathing. The way the branches of the trees sway in the wind, there is no urgency in them. They aspire to reach the sky, yet at the same time, they keep their roots deep. If humans too want to learn something from nature, perhaps the first lesson would be to aspire to soar, but never forget their roots. In cities, people live close to each other, but their souls drift apart. Everyone is busy proving themselves. Every face seems to be playing a role. Nature washes away all this artificiality. There is no hypocrisy in nature. Flowers do not bloom for someone to admire them. It is only humans who constantly display their existence. Perhaps this is why the human heart becomes more simple in the midst of nature. There, they no longer need any masks. Nature teaches us that the meaning of life lies not in accumulation, but in rhythm. Observe the seasons. Spring comes and goes. After summer, rain brings coolness. Autumn leaves the trees bare, and winter stabilizes everything. But nature never despairs. It knows that behind every end lies a beginning. If a person learns even this one lesson, half their suffering will be eliminated. Nature also teaches us the meaning of love. Love is not possessive, just as the sun does not possess flowers; it only gives them light. True love is like that; it allows others to bloom. When life seems harsh, when the noise of the world tires your soul, spend some time with nature. Sit in the shade of a tree, feel the smell of the soil, let the breeze blow on your face. You will find that nature offers no answers, yet many of your inner questions are soothed. The key:

Be simple. Always desire to reach heights, but never forget your roots and simplicity. Like the seasons, learn to see a new beginning in every ending and live life in a beautiful rhythm rather than accumulating. True love lies not in asserting authority, but in giving others the opportunity to blossom like the sun. Whenever the inner noise tires you, retreat into the silence of nature.

# Sewri Mudbanks: A Precious Habitat for Mumbai's Coastal Biodiversity

The Sewri Mudbanks are a precious habitat for Mumbai's coastal biodiversity, home to thousands of migratory flamingos. Learn about the importance of this ecosystem. In the midst of a densely populated metropolis like Mumbai, the Sewri Mudbanks open the door to a natural world where the city's pace momentarily pauses to the rhythm of the tides.

From a distance, these beaches may appear simple, muddy, and almost empty, but in reality, they are extremely rich and vibrant coastal habitats, supporting numerous species of birds, microorganisms, and marine life.

The true strength of the Sewri Mudbanks lies in their subtle yet multi-layered ecology. The benthic organisms living here, such as polychaetes, small mollusks, crustaceans, and other bottom-dwelling creatures, are not only part of the habitat itself but also form the foundation of the food chain for birds and fish. The tidal flow of water repeatedly redistributes nutrients, making the area a vibrant hub of biological production.

The Mudflats of Sewri – A Bird's Paradise

Every winter, the banks of Sewri become a safe feeding ground for thousands of migratory flamingos. These birds arrive between October and March and feed on the exposed mudflats at low tide. Their pink flocks are not only beautiful to behold, but also signal that life exists in the sediments beneath and food remains abundant.

The true strength of the mudflats of Sewri lies in their subtle yet multi-layered ecology. Benthic organisms such as polychaetes, small mollusks, crustaceans, and other bottom-dwelling creatures not only contribute to the habitat itself but also form the foundation of the food chain for birds and fish. The tidal flow of water repeatedly redistributes nutrients, making the area a vibrant hub of biological production. Mangrove forests along these mudflats further strengthen this ecosystem. Mangroves stabilize the coasts, bind sediment, partially trap pollutants, and provide habitat for juvenile fish and invertebrates. This mudflat-mangrove continuum in the sewer area also helps protect Mumbai's coastal system from challenges such as waves, floods, and coastal erosion. The Threat of Urbanization and the Need to Protect the Sewari -

But this natural ecosystem is under pressure. Increasing urbanization in Mumbai, port activities, transportation projects, pollution, and uncontrolled waste disposal are affecting the quality of these habitats. Numerous reports have described the Sewari's mangrove areas as sensitive and ecologically important, yet they remain at risk due to development projects.

When the nature of sediment changes or pollution increases, the first impacts are seen on the benthic organisms and then on the birds that depend on them.

The Sewari reminds us that the line between city and nature is not as rigid as we might assume. Here, mudflats, tides, mangroves, and birds combine to create a coastal world that is invaluable to Mumbai's environmental resilience.

If we destroy these beaches as mere bare land, we will lose not just a bird sanctuary but also a vital part of the city's natural defenses. Protecting the mudflats of Sewari is not just an issue for birdwatchers or environmentalists; it is a question of Mumbai's future, its climate resilience, and its biodiversity. Where the city meets the tide, we must decide whether we will give nature space or push it aside.

(Prachi Hatkar is a marine conservation researcher and academic whose work focuses on coastal ecosystems, marine biodiversity, mudflats, mangroves, sea turtles, dugongs, sea snakes, and microplastic pollution in Mumbai and Maharashtra. She actively contributes to coastal environmental conservation through field surveys, research, writing, and science communication.)

# Another aspect: The mystery of nature's unseen heroes; India is one of the world's richest countries in terms of moths.

Biodiversity, agricultural systems, and food chains are incomplete without moths. India is one of the world's richest countries in terms of moths. More than 12,000 species are found here. When moths feed on nectar from flowers, the process of pollination is completed. Gardeners, seeing caterpillars, start spraying pesticides, which reduces the number of moths. Moths are among nature's unseen heroes, without which our biodiversity, agricultural systems, and food chains would be incomplete. There are talks around the world about the conservation of butterflies, and the importance of bees is discussed, but moths rarely receive the attention they deserve. Recently, the Royal Horticultural Society and Wildlife Trusts in Britain appealed to people to allow moths and their caterpillars to flourish in their gardens. The message of this campaign is simple:

if we want to save nature, we must make room for the tiny creatures we often overlook. India is one of the world's richest countries in moths. More than 12,000 species of moths are found here. The Atlas Moth, found in Northeast India, is considered one of the largest moths in the world. Its wingspan can reach nearly 30 centimeters. The Indian Moon Moth's bright green color and long tail make it resemble a living work of art. Moths have always been neglected compared to butterflies. One reason for this is their nocturnal nature. We easily recognize the creatures that are visible during the day, but those that operate in the darkness of night often remain hidden from our sight. There are many plants in India that bloom after dusk and attract moths with their intense fragrance. When moths feed on the nectar from these flowers, they inadvertently complete the process of pollination. Gardeners often spray insecticides upon seeing caterpillars, which reduces the number of moths. Experts recommend limiting unnecessary outdoor lighting at night. This benefits moths and other nocturnal creatures. In India, ordinary people are also contributing to scientific research through mobile apps and citizen science platforms. These tiny creatures, pollinating flowers in the dark of night, remind us that the balance of nature is woven from many invisible threads. If one of these threads breaks, the entire fabric can be weakened. Moths are representatives of the vast natural system on which our agriculture, our forests, and our lives depend.

## महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में एक प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन, कम्पनी द्वारा 14 छात्रों का हुआ चयन



क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में एक प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के 62 छात्र -छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्लेसमेंट ड्राईव में आयी हुयी कम्पनी गंगोत्री सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर एच.आर. रवि कुमार भारद्वाज और उनकी टीम द्वारा छात्रों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें अंजलि, शिवानी मसीह, सम्पदा, अभय सक्सेना, प्रार्थना सिंह, शिवी पटेल, गौरव राठौर, तयैव अली, पिंटू बाबू, पिन्टू, तेजपाल मौर्य एवं रोहित यादव का चयन कम्पनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति (रजि.), अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित), कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, प्रबन्ध समिति के सदस्यों एवं निदेशक डॉ. प्रवीन कुमार अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुये इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाऐं प्रेषित की एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल तथा प्लेसमेंट टीम के सदस्यों ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर प्लेसमेंट टीम के सदस्यो शोभित अग्रवाल (प्लेसमेंट अधिकारी), अजीत सिंह, मयंक शर्मा, चंद्र प्रकाश उपस्थित रहे ।

## कैनविज पीड़ितों का सब्र टूटा ! छठे दिन भी आमरण अनशन जारी, कांग्रेस और किसान संगठन उतरे समर्थन में

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली कैनविज कंपनी से जुड़े निवेशकों का आमरण अनशन सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि लगातार धरना और भूख हड़ताल के बावजूद प्रशासन ने मुख्य आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। आज आंदोलन को नया बल तब मिला, जब महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दिनेश दद्दा और भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार यादव ने अनशन स्थल पहुंचकर अपना समर्थन दिया। दोनों




नेताओं ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और निवेशकों का पैसा वापस दिलाने की मांग की। अनशन पर बैठे पंकज त्रिपाठी ने कहा कि छह दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। पीड़ितों ने चेतावनी दी कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी और धनवापसी की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में निवेशक और समर्थक अनशन स्थल पर डटे हुए हैं ।

## बहेड़ी समाधान दिवस में गरमाई सियासत, पूर्व विधायक ने उठाईं बिजली, ओवरब्रिज और किसानों के भुगतान की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । सोमवार को बहेड़ी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस राजनीतिक हलचल का केंद्र बन गया। पूर्व विधायक नसीम अहमद अपने समर्थकों के साथ तहसील पहुंचे, जहां प्रदर्शन और नारेबाजी के बीच प्रशासन को जनसमस्याओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बहेड़ी के लिए 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना, केसर और मझिया रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण, किसानों




के लगभग 161 करोड़ रुपये के गन्ना भुगतान, दिल्ली के लिए रात्रिकालीन बस सेवा शुरू करने तथा सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। पूर्व विधायक का कहना है कि इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था, यातायात, स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं प्रशासन ने सभी मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## बरेली पुलिस ने 93 लाख के 466 मोबाइल लौटाकर जीता लोगों का दिल , SP ट्रैफिक मो. अकमल खान बोले–मोबाइल गुम होने पर तुरंत करें शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में बरेली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। जून महीने में साइबर टीम और सर्विलांस सेल ने 466 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 93 लाख रुपये है। सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइंस के रविंद्रालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे गए। अपना खोया मोबाइल वापस



पाकर लोगों ने बरेली पुलिस का आभार जताया। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में चलाए गए अभियान में ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल और आधुनिक तकनीक की मदद से मोबाइल ट्रैक कर बरामद किए गए। एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने बताया कि जनवरी 2025 से जून 2026 तक कुल 5,725 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 11.43 करोड़ रुपये है। मोबाइल बरामदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न थानों की साइबर टीमों को एसएसपी ने नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराएं और ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल पर ढ्ढरूश्वढ्ढ नंबर ब्लॉक कराएं, ताकि मोबाइल जल्द ट्रैक होकर बरामद किया जा सके।

## मिशन शक्ति पहुंची गांव से चौपाल तक , महिलाओं और बेटियों को बनाया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस का मिशन शक्ति 5.0 लगातार रफ्तार पकड़ रहा है। गांव-गांव पहुंच रही महिला बीट पुलिस न सिर्फ महिलाओं की समस्याएं सुन रही है, बल्कि मौके पर उनका समाधान भी करा रही है। एसएसपी अनुराग आर्य के दिशा - निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों और चौपालों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं की शिकायतें सुनकर काउंसलिंग के माध्यम से उनका निस्तारण कराया गया। साथ ही 112, 1090, 1930, 1098 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में बिना संकोच हेल्पलाइन और पुलिस की सहायता लें।



## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना क अंतर्गत प्रशिक्षण और टूल किट वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन)। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र धर्मेन्द्र कुमार भास्कर ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वा कांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत जनपद जालौन में पारम्प रिक कारीगरों के लियें ट्रेडवार लक्ष्य बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, मोची, धोबी एंव हलवाई आदि ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रशिक्षण एवं टूल किट प्रदान कियें जाने हेतु आवेदन आमंत्रित कियें जा रहें है। आवेदन दिनांक 20.07.2026 तक वेबसाइट 222.द्वद्धद्वद्द.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर योजना का चयन करते हुये आवेदन कर सकते है। उनहोनर योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बंध में बताया कि आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पास की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस0सी0/एस0टी0/ओ0बी0सी वर्ग के लियें), आयु प्रमाण पत्र, आवेदक उत्तर प्रदेश/जनपद का मूल निवासी होना चाहिये, आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहियें (आयु की गणना आवेदन की तिथि से होगी), परम्पा रिक कारीगर का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पालिका अथवा नगर पंचायत के सम्बन्धित वार्ड सदस्य से निर्गत किया होना चाहियें, परिवार का केवल एक ही सदस्य आवेदन करने हेतु पात्र होगा। परिवार का आशय पति एवं पत्नी से है, आवेदन कर्ता साक्षात्कार के समय इस बात का लिखित शपथ पत्र 10 रू0 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करेगा कि आवेदक ने पूर्व में या उसके पति/पत्नी ने योजना अतर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट का लाभ नहीं लिया है।

## स्कूल चलो अभियान को मिला नया उत्साह, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रैली को दिखाई हरी झंडी

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा/ 06 से 14 वर्ष के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान, नव नामांकित विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण विद्यालय से बाहर रह गए 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आज कोंच स्थित मंडपम परिसर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह व चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे तथा सभी पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों का विद्यालय से जुड़ना उनके उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने आसपास ऐसे बच्चों को चिन्हित कर विद्यालय तक पहुंचाने में सहयोग करे, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नव नामांकित नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया

## कान्हा गौशाला पहुंचे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा/ गोवंशों को गुड़-चना खिलाकर किया स्नेहपूर्ण संरक्षण का संदेश, नियमित देखभाल एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश कौंच में संचालित कान्हा गौशाला का आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के रख-रखाव, चारा, पेयजल, स्वच्छता तथा चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गौशाला में संरक्षित गोवंशों को अपने हाथों से गुड़ एवं चना खिलाया। उन्होंने कहा कि गोवंशों की सेवा एवं संरक्षण शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है। गौशालाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक गोवंश को समय पर हरा चारा, स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौशाला परिसर की नियमित साफ-सफाई, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बीमार एवं कमजोर गोवंशों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनका समुचित उपचार कराया जाए, ताकि उन्हें बेहतर देखभाल मिल सके। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधकारी हेमन्त पटेल आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गौशाला से जुड़े कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में कारीगरों के लिए सुनहरा मौका ! 10 दिन की फ्री ट्रेनिंग – 15 जुलाई तक करें आवेदन

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । प्रदेश सरकार की विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण योजना के तहत जिले में 11 अलग-अलग ट्रेडों के कारीगरों से आवेदन मांगे गए हैं। टेलर, हलवाई, धोबी, बढ़ई, सोनार, बास्केटवियर, नाई, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री और लोहार कार्य से जुड़े इच्छुक लोग 15 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित लाभार्थियों को 10 दिनों का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षण पूरा होने पर नि:शुल्क टूलकिट भी प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो तथा संबंधित पारंपरिक कार्य से जुड़ा हो। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, बरेली से संपर्क किया जा सकता है।

### 26 जनवरी को दिया था इस्तीफा, अब राजनीति की राह पर अलंकार अग्निहोत्री... बोले- जरूरत पड़ी तो हाईकोर्ट जाएंगे

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री सोमवार को विभागीय जांच में अपना पक्ष रखने मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे। सुनवाई के बाद उन्होंने कहा कि आरोप पत्र पर दिया गया लिखित जवाब ही उनका आधिकारिक पक्ष है और अब शासन के फैसले का इंतजार है। अलंकार अग्निहोत्री ने बताया कि उन्होंने 26 जनवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कहना है कि यदि शासन उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करता, तो वह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हाईकोर्ट का रुख करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी सेवा छोड़ने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा पार्टी का गठन किया है। अब उनका उद्देश्य सक्रिय राजनीति के जरिए सामाजिक और जनहित के मुद्दों को उठाना तथा व्यवस्था में बदलाव के लिए काम करना है। मीडिया से बातचीत में अलंकार अग्निहोत्री ने राम मंदिर निर्माण से जुड़े मामलों में अनियमितताओं के आरोप भी लगाए और निष्पक्ष जांच की मांग की। हालांकि, ये आरोप उनके व्यक्तिगत दावे हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।



### गश्त के दौरान बहेड़ी पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूसों , सहित युवक को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। बहेड़ी पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वन विभाग तिराहे के पास घेराबंदी कर आरोपी अजय राठौर को दबोचा गया। तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अवैध हथियार के बल पर लोगों में डर पैदा कर अपराध करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




### गन्ना समितियों से जुड़ेगा सुरक्षा का भरोसा, बीमा और पेंशन योजनाओं का अभियान शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / अब हर गन्ना किसान परिवार को मिलेगा सामाजिक सुरक्षा का कवच*बरेली। उत्तर प्रदेश के लाखों गन्ना किसानों और उनके परिवारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रदेश सरकार ने 6 जुलाई से 11 जुलाई तक सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों में सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं नामांकन महाअभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत किसानों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। हर गन्ना समिति परिसर में बैंक, इफ्को और चीनी मिलों के सहयोग से विशेष सहायता काउंटर लगाए जाएंगे, जहां किसानों को योजनाओं की जानकारी, दस्तावेजों का सत्यापन और मौके पर ही नामांकन की सुविधा मिलेगी। महिला स्वयं सहायता समूहों की भी इस अभियान में अहम भागीदारी रहेगी, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का अधिक से अधिक गन्ना किसान परिवार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनें।

# वन महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच /बदायूं आज प्रदेश में 01 जुलाई, 2026 से 07 जुलाई, 2026 तक मनाए जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं द्वारा तहसील बदायूं, सहसवान, दातागंज एवं बिसौली के विभिन्न स्थलों पर वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तहसील बदायूं के अंतर्गत पार्वती आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बदायूं में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य श्रीमती अमिता आलोक ने वनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्राएं एवं बदायूं रेंज का स्टाफ उपस्थित रहा। बिसौली रेंज के अंतर्गत संविलियन विद्यालय हर्रायपुर, तहसील बिसौली में वन महोत्सव जन अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र प्रताप यादव, धर्मपाल सिंह, ग्राम प्रधान हर्रायपुर, प्रधानाचार्य कुंवर सेन, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं रेंज स्टाफ ने सहभागिता की तथा पौधारोपण किया। सहसवान रेंज के अंतर्गत तहसील बिल्सी स्थित महेश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिल्सी में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिल्सी विधायक के प्रतिनिधि नवनीत शाक्य ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। दातागंज तहसील के अंतर्गत ग्राम उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुर, धीरपुर में वन महोत्सव जन अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार द्वारा आम के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं वन विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग ने जनपदवासियों से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।



# आनंदपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुरू हुआ नियमित उपचार, मरीजों को मिली राहत

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ आनंदपुर। लंबे समय से क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिए लटेरी के शासकीय अस्पताल अथवा जिला अस्पताल जाना पड़ता था। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदपुर में नियमित उपचार शुरू होने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. बी.के. चौकसे मरीजों की जांच कर उपचार कर रहे हैं। अस्पताल में सामान्य बीमारियों का इलाज, प्राथमिक उपचार और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपचार कराने आई कीर्ति कुशवाहा (निवासी जावती) ने बताया कि उन्हें कई दिनों से कमजोरी और चक्कर आने की शिकायत थी। अस्पताल में जांच के बाद उनका उपचार शुरू किया गया और आवश्यक दवाइयां दी गईं। वहीं राजपाल सिंह लोधी (निवासी सेमरा) मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल हो गए थे। उनके दोनों पैरों में चोट आई थी, जिनका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरहम-पट्टी कर उपचार किया गया तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. बी.के. चौकसे एवं नर्सिंग स्टाफ शिवानी पंचकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि अस्पताल में अतिरिक्त नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता बनी हुई है। इसके अलावा सफाई कर्मचारी का पद रिक्त होने के कारण अस्पताल परिसर की नियमित साफ-सफाई भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आवश्यक स्टाफ एवं सफाई कर्मचारी की नियुक्ति कर दी जाए तो मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी तथा अस्पताल की व्यवस्थाएं भी अधिक सुचारु हो जाएंगी।



# जनकल्याण शिविर गंजबासौदा में 10 को एक ही स्थान पर मिलेगा समस्याओं का समाधान और योजनाओं का लाभ



क्यूँ न लिखूँ सच / किसानों और आम नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 10 जुलाई को गंजबासौदा स्थित एल.बी.एस. कॉलेज परिसर में विशाल जनकल्याण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और नागरिकों की शिकायतों एवं आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान शिविर की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना और विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, श्रम तथा अन्य विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई भी की जाएगी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

प्रशासन ने गंजबासौदा एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे 10 जुलाई को आयोजित जनकल्याण शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं।

# 45 मिनट तक दर्द से कराहती रही वृद्धा..बहू से झगड़ता रहा जिला अस्पताल का स्टाफ

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर / अलीगढ़ मलखान सिंह जिला अस्पताल में रविवार को एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं और स्टाफ की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े हुए। यहां कूल्हे के तेज दर्द से कराह रही कृष्णापुरी मठिया की 70 वर्षीय माया देवी पौन घंटे तक इमरजेंसी के बाहर दर्द से कराहती रही, लेकिन स्टाफ उसे भर्ती करने को तैयार नहीं था। इस दौरान बहू की जब स्टाफ से काफी नोकझोंक हुई, तब जाकर हंगामा मचने पर महिला को भर्ती किया गया। परिजनों ने बताया है कि माया देवी के कूल्हे में फ्रैक्चर होने पर करीब पांच दिन पहले एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया था। इसके बाद दर्द और सूजन बढ़ने पर बहू आरती उन्हें मलखान सिंह जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था, लेकिन परिजन महिला को वहां नहीं ले गए। दोपहर करीब दो बजे फिर से असहनीय दर्द होने पर बहू उन्हें जिला अस्पताल ले आई। आरोप है कि स्टाफ ने महिला को रेफर किए जाने संबंधी दस्तावेज देखकर दोबारा जेएन मेडिकल कॉलेज जाने की बात कह दी। इसी दौरान बहू और अस्पताल कर्मियों के बीच कहासुनी हो गई। इस बीच वृद्धा अस्पताल परिसर में दर्द से कराहती रही। नोकझोंक व हंगामे के बीच करीब 45 मिनट बाद चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू कराया। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर उपचार मिल जाता तो वृद्धा को इतनी देर तक असहनीय पीड़ा नहीं झेलनी पडती। वहीं सीएमएस डॉ. जगवीर वर्मा का कहना है कि महिला को डाक्टर द्वारा जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। फिर भी महिला यही भर्ती कराने के लिए जिद कर रही थी। वृद्धा को भर्ती कर लिया गया है। सुबह डॉक्टर काजिम देखेंगे।



# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती पर भव्य विदिशा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/?विदिशा -आज जिला भाजपा कार्यालय में महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल %जिला कार्यकर्ता सम्मेलन% का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण , दीप प्रज्वलन एवं उनके जीवन एवं कार्यों पर आधरित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। जिला मीडिया प्रभारी डा. राहुल जैन ने बताया किकार्यक्रम में स्वागत उदबोधन जिला अध्यक्ष श्री महाराज सिंह दांगी ने दिया ।उन्होंने डा.साहब के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दिलाया । कुरवाई विधायक श्री हरि सिंह सप्रे ने कहा कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रवादी सरकार का गठन डा. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा डा. मुखर्जी की कल्पना को साकार करने का कार्य देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने किया है। विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन ने कहा कि आक्रांताओं ने भारत की सांस्कृतिक चेतना को नष्ट करने के प्रयास को उन्होंने प्रखर राष्ट्रवाद की भावना से पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया।बासौदा विधायक श्री हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि हमें डा. मुखर्जी के सिद्धांत पर आधारित केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प करना है। सिरोंज विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने कहा एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे ऐसे दृढ़ निश्चयी डा. साहब की विचार धारा शिरोधार्य है। जिला भाजपा प्रभारी श्री सीताराम यादव ने कहा उन्होंने युवावस्था से राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य प्रारंभ किया ।वही संकल्प आज करोड़ों कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए उन्होंने जो बलिदान दिया, उसे देश कभी नहीं भूल सकता। आज उनकी 125वीं जयंती पर हमारा यह कर्तव्य है, कि आगामी समय में बूथ स्तर तक डॉ. मुखर्जी के विचारों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ?कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवं प्रभारी श्री रवि सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला मंत्री श्रीमती गायत्री रघुवंशी द्वारा किया गया। ?इस अवसर पर विधायक गण श्री मुकेश टंडन,श्री हरि रघुवंशी,श्री हरि सप्रे,श्री उमाकांत शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री श्याम सुंदर शर्मा,जिला महामंत्री श्री बलवीर रघुवंशी, श्री पंकज पांडे,श्री डोंगर सिंह, श्री संदीप ठाकुर, श्री राम रघुवंशी,डा. राहुल जैन,श्रीमती बबीता दांगी,श्री दुष्यंत धाकड़,श्री राज रघुवंशी,श्री मुकेश चौकसे,श्री राम कृष्ण मीना,श्री राजेश धाकड़, मंडल अध्यक्ष श्री सुरेंद्र चौहान,श्री प्रशांत खत्री,श्री प्रतीक कंग,श्री रामेश्वर शर्मा,श्री रामगुलाम आदि मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष,महामंत्री सहित भारी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में आए सक्रिय और दायित्ववान भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।



# जनसत्ता दल का स्पष्टीकरण: अनुज ठाकुर पर कार्रवाई उनका निजी मामला, पार्टी से जोड़ना दुर्भावनापूर्ण

क्यूँ न लिखूँ सच / हाल ही में सोशल मीडिया एवं कुछ समाचार माध्यमों में प्रसारित की जा रही खबरों में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक एवं माननीय राजा भैया जी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस संबंध में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक, अलीगढ़ इकाई स्पष्ट करना चाहती है कि अनुज ठाकुर का वर्तमान में पार्टी मे सक्रिय है पार्टी का किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत कृत्यों, विवादों अथवा कानूनी मामलों से कोई लेना-देना नहीं है। यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की गई है, तो वह उसका व्यक्तिगत विषय है

और उसे जनसत्ता दल लोकतांत्रिक अथवा माननीय राजा भैया जी से जोड़कर प्रस्तुत करना पूरी तरह भ्रामक एवं दुर्भावनापूर्ण है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक सदैव कानून एवं संविधान का सम्मान करती है तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि का समर्थन नहीं करती। हम मीडिया एवं आमजन से आग्रह करते हैं कि अपुष्ट एवं भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें तथा तथ्यों के आधार पर ही अपनी राय बनाएं। पार्टी के विरोधियों द्वारा राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से जनसत्ता दल लोकतांत्रिक एवं माननीय राजा भैया जी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने का जो प्रयास किया जा रहा है, उसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। जारीकर्ता= धर्मेंद्र चौधरी जिलाध्यक्ष, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

## संक्षिप्त समाचार

# समस्त परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को हुआ फलों का वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच / बदायूँ= पीएम पोषण योजना के अंतर्गत शासन द्वारा परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, संविलियन, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रत्येक सोमवार को फल वितरण कराए जाने के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को बच्चों को पंक्तिबद्ध करते हुए फलों का वितरण किया गया साथ ही स्वास्थ्य के लिए फलों का क्या महत्व है, इस विषय में शिक्षकों द्वारा बच्चों को विस्तार से बताया गया। फलों का वितरण कराया गया। शासन की निर्देशों के क्रम में सुव्यवस्थित ढंग से वितरित कराए जाने, स्वास्थ्य के लिए फलों के महत्व एवं बच्चों को हिंदी एवं अंग्रेजी में फलों के नाम कंठस्थ कराए जाने के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त शिक्षकों के द्वारा चित्र एवं चार्ट के माध्यम से फलों की पहचान कराते हुए उनके हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम कंठस्थ कराए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में फल वितरण शासन की महत्वाकांक्षी योजना हैं इसके द्वारा बच्चों के तन एवं मन का विकास होगा, फलों का स्वास्थ्य के लिए क्या महत्व है उनकी जानकारी होगी और निर्धारित पाठ्यक्रम के तहत फलों के नाम भी कंठस्थ होंगे।



# सिधौली वार्ड नंबर 5 शक्ति केंद्र के अन्तर्गत सिधौली के बहुत प्रयासों से विकास कार्य कराए गए

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर / अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय नेता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा धनीपुर मंडल के संयोजक भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि शक्ति केंद्र सिंधौली बहुत मजबूत शक्ति केंद्र यहां पर जनता की कई सड़कों का निर्माण कार्य हो चुका है संगठन की तरफ से प्रयास करके सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है शक्ति केंद्र सिधौली के अंतर्गत इस क्षेत्र में काफी सड़कों का निर्माण कार्य हुआ है यह क्षेत्र पूरी तरह से भाजपा से जोड़ा गया है भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय नेता शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस क्षेत्र में गरीब लोगों के लिए पीएम आवास के लिए कई गरीब महिलाओं को पैसा दिलवाया गया है मकान बन रहे हैं शौचालय आदि तैयार कराए गए हैं ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि उनके बहुत प्रयासों से जनता को सुविधा मिल पाई है इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी गरीबों को मदद मिली है दिलाई गई है सब खुश हैं

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत दो घायल

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर / अलीगढ़ गांधी पार्क थाना क्षेत्र में सिधौली गेट के सामने सोमवार को दोपहर पनैठी से जा रहे वाईक सवार वरुण पिता का गवेदर निवासी पनैठी युवक एक अज्ञात बहन बचाने के चक्कर में आये चपेट में बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत 2 साल पूर्व हुई शादी पत्नी व घर वालों का रो रो कर बुरा हाल दो लोग गंभीर रूप से घायल सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार वरुण को मृत घोषित कर दिया पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# सर्प दंश पीड़ित को आधा घंटा बाद मिला उपचार

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर / अलीगढ़ पंडित दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय की इमरजेंसी में भी कुछ इसी तरह के हालात देखने को मिला। यहां सर्प दंश से पीड़ित किसान को आधे घंटे तक उपचार के लिए भटकना पड़ा, तब जाकर उपचार मिला। अकराबाद के गांव जुझारपुर में कुंतेश यादव खेतीबाड़ी के साथ-साथ पशु पालन भी करते हैं। परिजनों ने बताया है कि सुबह करीब दस बजे वह पशुओं के लिए चारा लेने के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। रास्ते में सर्प ने उन्हें डस लिया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। बायगीर के पास फायदा नहीं होने पर उन्हें डीडीयू लाया गया।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# चुर्खी महापंचायत पर कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी का तीखा पलटवार; बोले– विपक्ष विकास से डरकर कर रहा है द्वेष और जाति की गंदी राजनीति

क्यूँ न लिखूँ सच / नीरज कुमार/ जालौन की कालपी विधानसभा के चुर्खी क्षेत्र में आयोजित हुई %जुगनू महापंचायत% के बाद बुंदेलखंड का राजनैतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। महापंचायत के मंच से और सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियोज में उठाए गए तीखे सवालों पर अब खुद कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मौन तोड़ते हुए बेहद आक्रामक और सीधा पलटवार किया है। एक साक्षात्कार में विधायक विनोद चतुर्वेदी ने इस पूरी महापंचायत को मुद्दाविहीन और राजनैतिक स्टंट करार देते हुए विरोधियों पर क्षेत्र के विकास को रोकने और समाज में द्वेष व जातिवाद का जहर घोलने का सनसनीखेज आरोप मढ़ दिया है। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने वायरल वीडियोज पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, मैंने इस महापंचायत के कई वीडियो देखे हैं। हम उम्मीद कर रहे थे कि इस महापंचायत में जनता और क्षेत्र की समस्याओं से जुड़े किसी वास्तविक मुद्दे पर बात होगी, लेकिन वहां से मुख्य मुद्दा पूरी तरह गायब था। विधायक ने विस्फोटक दावा करते हुए कहा कि महापंचायत के मंच से देश के राष्ट्रीय नेतृत्व, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय गृहमंत्री और संघ प्रमुख के खिलाफ केवल एकतरफा और अमर्यादित बयानबाजी की जा रही थी। उन्होंने इस बात पर भी गहरा आश्चर्य और सवाल उठाए कि जब मंच से सरकार और शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ जहर उगला जा रहा था, तब वहां भारतीय जनता पार्टी के कई जिला और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद थे, जो बिना किसी आपत्ति के मूकदर्शक बनकर सब कुछ चुपचाप सुनते रहे। ?जोश में चौथा नाम मेरा भी जोड़ दिया, जांच में सब साफ– मंच से एक वक्ता द्वारा भाजपा के दिग्गज नेताओं समेत विधायक का नाम लपेटे जाने के सवाल पर विनोद चतुर्वेदी ने हंसते हुए इसे पूरी तरह से असत्य, मनगढ़ंत और आधारहीन बताया। उन्होंने इनसाइड स्टोरी खोलते हुए कहा, उन नेताजी के साथ पहले भी उनके भतीजे से जुड़ी कोई घटना हुई थी, जिसके बारे में तब वे केवल तीन नाम लिया करते थे। लेकिन इस बार महापंचायत के मंच पर जोश में आकर उन्होंने बिना किसी प्रमाण के चौथा नाम मेरा भी जोड़ दिया। जबकि इस पूरे मामले का पोस्टमार्टम और प्रशासनिक जांच पहले ही हो चुकी है और इसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। विकास की लकीर मिटाने की हो रही कोशिश– कालपी के विकास का जिक्र करते हुए विधायक ने विरोधियों को सीधे ललकारा। उन्होंने कहा कि पिछले 70 सालों के दौरान कालपी क्षेत्र का जो विकास होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। लेकिन पिछले 5 वर्षों में उन्होंने अपनी सरकार, माननीय मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों के सहयोग से क्षेत्र में विकास की जो ऐतिहासिक लकीर खींची है, विपक्षी दल उससे बुरी तरह बौखला गए हैं। विरोधी दल विकास करना नहीं जानते, इसलिए वे द्वेष भावना से विकास कार्यों को दबाकर जातिवादी मुद्दों को हवा दे रहे हैं। इंटरव्यू के अंत में उन्होंने दृढ़ता से कहा, मेरा काम विकास करना है और मैं अपनी आखिरी सांस तक जनता के हित में काम करता रहूँगा। जो लोग सड़कों पर, चौराहों पर मेरा नाम ले रहे हैं, मैं उनका भी आभार व्यक्त करता हूँ कि कम से कम वे मेरा नाम जिंदा रखे हुए हैं। विधायक के इस सीधे हमले के बाद अब चुर्खी महापंचायत का यह राजनैतिक दंगल एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है।



# 04 ग्राम पंचायतों में 1.28 करोड़ से अधिक की वित्तीय अनियमितता पर जिलाधिकारी का बड़ा एक्शन

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दोषी पूर्व प्रधानों व तत्कालीन सचिव पर एफआईआर के निर्देश, भू-राजस्व की भांति धनराशि की वसूली के निर्देश जनपद में ग्राम पंचायतों के वर्ष 2019-20 के ऑडिट में सामने आईं वित्तीय अनियमितताओं पर वित्तीय अनियमितताओं के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि संबंधित ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत सचिव प्रशांत सुभाष दुबे व पूर्व ग्राम प्रधानों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए तथा शासकीय धनराशि की भू-राजस्व की भांति वसूली सुनिश्चित कराई जाए। सहायक निदेशक/जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायत, उरई की ऑडिट रिपोर्ट में विकास खंड नदीगांव की चार ग्राम पंचायतों पूर्व प्रधान रितुराज गुर्जर गंथरा, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह तीतरा खलीलपुर, पूर्व प्रधान जगत सिंह धंजा और पूर्व प्रधान जनक दुलारी क्योलारी पर वर्ष 2019-20 के दौरान विकास कार्यों के नाम पर किए गए व्यय में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं पाई गईं। जांच में कैशबुक, माप पुस्तिका, स्टॉक रजिस्टर, व्यय प्रमाणक, कार्यवाही रजिस्टर सहित आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे व्यय की पुष्टि नहीं हो सकी। कई मामलों में अभिलेख जानबूझकर प्रस्तुत न करने तथा मनमाने ढंग से शासकीय धनराशि खर्च करने की बात भी सामने आई। चारों ग्राम पंचायतों में कुल 1,28,02,096 की वित्तीय अनियमितता सामने आई है। इसमें ग्राम पंचायत गंथरा में 13,05,477, तीतरा खलीलपुर में 51,64,890, धंजा में 19,03,570 तथा क्योलारी में 44,28,159 की अनियमित धनराशि दर्ज की गई है। इन सभी प्रकरणों में तत्कालीन ग्राम प्रधान रितुराज गुर्जर गंगथरा, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह तीतरा खलीलपुर, पूर्व प्रधान जगत सिंह धंजा और पूर्व प्रधान जनक दुलारी क्योलारी एवं ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत सचिव प्रशांत सुभाष दुबे से 50-50 प्रतिशत के अनुपात में वसूली के आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत शासकीय धन के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार के किसी भी मामले में दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कराकर वसूली की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सरकारी धन का एक-एक रुपया दोषियों से वसूल किया जाए तथा भविष्य में ऐसी अनियमितता करने वालों के विरुद्ध भी कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# कोंच तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 222 शिकायतों में 27 का मौके पर निस्तारण

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आज कोंच तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की 222 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 27 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर पालिका, विकास, समाज कल्याण, पूर्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। भूमि विवाद, पैमाइश, अवैध कब्जा, बिजली, पेयजल, सड़क, सफाई एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर अधिकारियों ने गंभीरता से सुनवाई की। उमरी निवासी मीना देवी ने अमलदरामद कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना जांच के किसी भी शिकायत का निस्तारण न दर्शाया जाए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना प्राथमिकता रहेगी। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित ग्रामीणों को पौधों का वितरण भी किया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उनकी देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएन प्रसाद, उप जिलाधकारी हेमन्त पटेल आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड के लिए जल्द ऐप होगा जारी : यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का मंडलीय सम्मेलन संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच / सिकंदर रज़ा / मुरादाबाद। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडलीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हबीब सिद्दीकी ने कहा कि जल्द ही मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु सरकार एक ऐप जारी करेगी जिससे कि उनकी समझ समस्याओं का समाधान हो जाएगा और यह ऐप सीधा दिल्ली एवं सूचना निदेशक से जुड़ जाएगा अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का मंडलीय सम्मेलन कोहिनूर तिराहा ख्वाजा नगर स्थित यूनियन के मंडल यह कार्यालय में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने पत्रकारों के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि यूनियन जल्द ही मंडल स्तर पर पत्रकारों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी। जिससे उनकी लेखनी में सुधार आएगा यूनियन हमेशा पत्रकारों के हित में कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। यूनियन के प्रदेश महामंत्री देवराज सिंह ने कहा कि पत्रकारों की एकता उनके हितों के लिए जरूरी है यदि पत्रकार एकजुट होकर रहेंगे तभी अपनी समस्याओं का निदान कर पाएंगे । उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याएं हमेशा से रही है। लेकिन यूनियन उनकी समस्याओं को दूर करने का कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी प्रदेश स्तर पर यूनियन सभी पत्रकार साथियों के हित के लिए बराबर कार्य कर रही है मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की ने कहा कि यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन एक ऐसा संगठन है जो पत्रकारों के हित में एक लंबे समय से कार्य करता आ रहा है उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से मांग करते हुए कहा कि प्रत्येक जिला अध्यक्ष दूसरे जिला अध्यक्ष के संपर्क में रहे और आवश्यकता पड़ने पर दूसरे जिले के पत्रकार साथियों की मदद करने में आगे आए तभी हमारा संगठन मजबूती को कायम करते हुए आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रईस शेख अनिल गर्ग गजेंद्र राघव भोला शर्मा नफीस अहमद, परवेज खान, नईम चौधरी, सफीक अहमद, जफर अहमद, जाकिर अहमद, नाजिम मंसूरी मोहसिन सिद्दीकी, मोहसिन नक़वी, सैयद शारिक अली मेराज आलम, आसिफ वारसी, आसिफ सैफी, शराफत चौधरी, अब्दुल रहीम, नकी अहमद, सलमान यूसुफ, डॉक्टर फसीहुर रहमान बेग, जाकिर अली बेग, मुअज्जम अली, प्रशांत शर्मा, अमित सैनी, रामपाल सिंह, मुकेश ठाकुर संजय सक्सेना, प्रमोद पथिक, शादाब कुरेशी, दानिश अली, नासिर तुर्की, नासिर पाशा एडवोकेट, शहवेज अंसारी, मुर्तजा इकबाल, शारिक अंसारी, सरफराज हुसैन, फिराफत चौधरी, नजाकत चौधरी, गुलाम मुस्तफा, भूरे अली, गुड्डू पाशा, आसिफ आतिक, रियाजुल हसन, अनिल गर्ग, मोहम्मद इकबाल हुसैन दानिश हुसैन, शादाब सिद्दीकी सहित आदि लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन तमीम अहमद नसीमी ने किया और आभार अभिव्यक्ति जिला अध्यक्ष रईस शेख ने किया।



## मंडल पठारी में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

क्यूँ न लिखूँ सच / अनिल कुमार /गंज - भाजपा मंडल पठारी द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह दांगी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में किए गए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए उन्होंने एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा दिया इस अवसर पर राकेश सिंघई,इंद्राज सिंह ठाकुर ,चेतराम साहू,संजय चौहान ,पृथ्वी सिंह चौहान,बलराम साहू,रितेश जैन,विमल जैन अखिलेश पंथी, शैलेंद्र जैन, शैलेंद्र यादव, जीवन सिंह,पत्रकार गण, ,स्थानीय लोग बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## काजी टोला में गंदगी से अटी नालियां

क्यूँ न लिखूँ सच / सिकंदर रज़ा / वार्ड-49 के मोहल्ला काजी टोला में नालियों की सफाई न होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियां कीचड़ और कचरे से पूरी तरह भर गई हैं। जिससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। नगर निगम से जल्द नालियों की सफाई कराने, सड़क पर फैली गंदगी हटाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई





## जनपद में हुआ सहकारी सम्मेलन का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / आज बदायूं सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून, 2026 से 06 जुलाई, 2026 तक मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के क्रम में विकास भवन सभागार में सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समितियों के सचिवों का सहकारी सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि तथा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जेके सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इफको द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता के निर्देशन में किया गया। सम्मेलन में सहकारी समितियों के सचिवों को जैविक उर्वरकों एवं नैनो उर्वरकों के सफल प्रयोगों तथा उनके लाभों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त इफको द्वारा प्रतिभागियों को ड्रोन तकनीक के उपयोग एवं प्रशिक्षण की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता एवं जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जे0के0 सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ष्सहभागिता ही सहकारिता हैष् के मूल मंत्र को आत्मसात करने पर बल दिया तथा जनपद में सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सचिवों द्वारा समिति सदस्यों को भी प्रतिभाग कराया गया। सम्मेलन में सहकारिता विभाग के अधिकारियों, सहकारी समितियों के सचिवों एवं अन्य संबंधित प्रतिभागियों ने सहभागिता की।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Daughter Marriage Gifts: These 5 gifts are more valuable than dowry, ensuring a secure future for your daughter!

Instead of giving dowry at a daughter's wedding, providing education, financial security, self-confidence, good values, and emotional support is considered more important. These five things make a daughter self-reliant, secure, and strong throughout her life. A daughter's marriage is a highly emotional and important milestone in every parent's life. On this special occasion, parents make every effort to ensure a happy life for their daughter. Many families still associate dowry with tradition or social prestige, but thinking and circumstances have changed significantly over time. In today's world, a daughter needs more than expensive gifts or show-off, things that can provide her with a self-reliant, confident, and secure future. Experts believe that the greatest strengths in a girl's life after marriage are her self-confidence, education, and financial understanding. These qualities keep her strong in every situation. Therefore, if parents want to give their daughter something precious, they should focus on things that will serve her throughout her life. In this article, we will discuss five important gifts every parent should consider giving their daughter at their wedding. These gifts will not only strengthen her marital life but also prepare her to face life's challenges. Good Education and Skills - Education is considered the greatest asset in the world. If a daughter is educated and proficient in certain skills, she can become self-reliant in any situation. Education provides financial independence to daughters. Education boosts self-confidence, provides better career opportunities, and provides support during difficult times. Investing in a daughter's education, rather than expensive wedding gifts, can be considered the greatest gift. Financial Security and Financial Knowledge - Financial understanding is crucial for every woman today. Teaching your daughter about banking, investments,



insurance, and savings can secure her future. Establish a fixed deposit or savings fund for her. Get her health insurance. Be sure to provide your daughter with investment information. Your daughter should understand financial planning. This property can prove to be far more valuable than any dowry. Self-confidence and decision-making ability - Many times in life, decisions have to be made that determine the future. In such situations, self-confidence and the ability to make the right decisions are the greatest strengths. To develop this, value your daughter's opinions. Encourage her to think independently. Share life experiences. A self-confident daughter can better face every challenge. Good values ??and life values ??- Values ??are not just about following traditions, but also about respecting others, being honest, and being responsible. This strengthens relationships, increases respect in the family, and maintains balance in life. Good values ??earn a daughter respect everywhere. Emotional support and trust - Even after marriage, a daughter should feel that her parents are always standing by her. This gives her mental strength and support during difficult times. Trust in relationships is maintained. The trust and support of parents are far more valuable than any material gift.

# Monsoon Food: 20 Quick Recipes to Make During the Rainy Season

If you're craving something spicy but can't decide what to make, this article is for you. We'll share some of the most popular recipes during the rainy season. With the arrival of the monsoon season, the weather becomes pleasant, and so does your cravings for food. Craving hot and spicy food is common with the rain. But often, people struggle to decide what to eat during this season that's both delicious and healthy. Fried and oily foods can be detrimental to your health, so making healthy and quick recipes at home is a better option. With this in mind, we've brought you 20 healthy and easy recipes that you can prepare in no time. These recipes are not only delicious but also help strengthen your immunity during the monsoon season. In this article, you'll learn about some snacks and dishes that are perfect for the rainy season. Corn: Hot corn with lemon, salt, and spices is a favorite street snack during the rainy season. Veg Soup: Light and warm soup protects the body from the cold and boosts immunity. Poha: Made with less oil, poha is a light, healthy, and quick breakfast. Upma: Upma, made with semolina and vegetables, is fiber-rich and light on the stomach. Idli-Sambhar: Steamed idli and sambar are easily digestible and a healthy option. Dhokla: A steamed Gujarati snack that is light, soft, and less oily. Moong Dal Cheela: This protein-rich chilla is a healthy and quick snack. Gram Flour Cheela: Made with gram flour, this chilla is a light and nutritious snack. Sprouts Salad: This salad made with sprouted grains is rich in vitamins and protein. Veg Sandwich: Homemade sandwiches are a healthy and quick snack option. Grilled Paneer Sandwich: This sandwich made with paneer and vegetables is protein-rich and tasty. Paneer Tikka: Grilled paneer tikka is a healthy and delicious snack that's an alternative to fried foods. Oats Upma: Upma made with oats is fiber-rich and helps with weight control. Fruit Chaat: This chaat made with fresh fruits is packed with vitamins and minerals. Roasted Makhana: A light, crunchy, and healthy snack that's



low in calories. Roasted Chana Chaat: This protein-rich snack helps control hunger for a long time. Add spices, onions, and tomatoes to make chaat. Khichdi: A light and easy-to-digest meal that provides comfort during the rainy season. Vegetable Maggi (homemade): Healthy Maggi made with minimal spices and vegetables is a good quick snack. Baked Samosa: Baked samosas are a healthy and low-fat alternative to fried ones. Sprouts Bhel: Spicy and healthy bhel which is rich in protein and fibre.

# Good news: Can the risk of stroke be reduced by up to 80%? Studies reveal the risks; here are three easy ways

According to scientific studies, approximately 80% of stroke cases can be prevented. A Mediterranean diet, the shingles vaccine for those over 50, and a new drug called Asundexion can help reduce the risk of stroke. Experts recommend regular blood pressure and sugar checkups, a balanced diet, exercise, abstaining from smoking, and continuing treatment as prescribed by a doctor. Brain stroke is one of the leading causes of death and disability worldwide. Amidst all this, the good news is that approximately 80% of stroke cases can be prevented. Three recent scientific studies have identified three effective ways to reduce the risk of stroke: the Mediterranean diet, the shingles (herpes zoster) vaccine, and a new drug called Asundexion. A stroke occurs when blood supply to the brain is blocked or bleeding occurs from a blood vessel in the brain. This causes brain cells to rapidly degenerate. If timely treatment is not received, the patient may die or a part of the body may stop functioning permanently. Shingles vaccine protects the heart and brain - Another study found that people who received the shingles vaccine had a reduced risk of stroke and serious heart problems.

This study included approximately 550,000 people. However, scientists noted that this is a preliminary study and does not yet prove that the vaccine alone reduces the risk. Nevertheless, experts recommend that people aged 50 and older get the shingles vaccine. A new drug, Asundexion, may prevent a second stroke - According to a study published in the New England Journal of Medicine, a new drug, Asundexion, may reduce the risk of a second stroke in people who have previously experienced an ischemic stroke or transient ischemic attack (TIA). This medication reduces the formation of blood clots in the body and may reduce the risk of a second stroke. However, this medication is not yet part of routine treatment for all patients. It should only be used on the advice of a doctor. Reduced risk of stroke in those who consume fruits, vegetables, and olive oil - A study published in Neurology Open Access analyzed the diets of more than 105,000 people. It found that women who followed the Mediterranean diet had a lower risk of stroke. This diet primarily includes fresh fruits and vegetables, whole grains, pulses, nuts and seeds, olive oil, and omega-3-rich fish. According to researchers, this diet helps control blood pressure, blood sugar, bad cholesterol, and inflammation in the body, reducing the risk of stroke. Get your blood pressure and sugar checked regularly - Experts say that high blood pressure is the leading cause of stroke. Furthermore, diabetes, smoking, obesity, lack of physical activity, an unbalanced diet, and high cholesterol also increase the risk of stroke. Experts advise that to avoid stroke, eat fruits and green vegetables daily, reduce salt and fried foods. Get your blood pressure and sugar levels checked regularly. Stay away from smoking and tobacco. Exercise for 30 minutes daily. People over 50 years of age should consult a doctor about the shingles vaccine. Those who have previously suffered a stroke should never stop taking their medications and continue regular follow-ups.

# Ahead of the release of Alia Bhatt's "Alpha," her mother Soni shared a special post, sharing a beautiful photo of four generations.

**Alia Bhatt is constantly in the news for her upcoming film "Alpha." Today, Alia's mother, Soni Razdan, shared a special post on social media ahead of the release of "Alpha." Bollywood actress Alia Bhatt's new action film, "Alpha," is scheduled to release in theaters on July 3, 2026. Just a day before the film's release, Alia's mother, actress Soni Razdan, shared a sweet and emotional post on social media. Four generations of the family are seen in the photo - Soni Razdan shared a special photo on Instagram. The photo shows four generations of her family together. This photo shows Alia Bhatt's 97-year-old grandmother, Alia's mother Soni Razdan, Alia herself, and Alia's daughter Rhea Kapoor. Soni calls her mother the true 'Alpha Woman' - Soni Razdan described her 97-year-old mother as the true 'OG' (Alpha Woman). Recalling the difficult days of her mother's childhood, she wrote, "My mother had to flee Nazi Germany when she was only six years old. We were German, not Jewish, but my grandfather openly stood up against Hitler, so our family had to leave the country." Soni further wrote that her family somehow reached Britain via a train through Czechoslovakia. There, her mother met N.N. Razdan, whom she married, and after moving to India, she started a new life here. There is an 'Alpha Woman' in every home - Soni wrote at the end of her post that every family has such brave and strong women, called alpha women. Our mothers and grandmothers are the true alpha women. He also asked his fans to share stories of similar inspiring women in their lives. When will 'Alpha' be released? - Alia Bhatt and Sharvari play the lead roles in the film 'Alpha'. The director of this film is Shiv Rawail. This is the first film in the 'YRF Spy Universe' to have women in the lead roles. This film is releasing in theaters tomorrow, i.e. on July 3, 2026.**



# "People ask why actors don't speak up," Richa Chadha came out in support of Dia Mirza; gave a befitting reply to trolls





**Actress Richa Chadha has stood up for Dia Mirza. Learn how she slammed the trolls... Actor Dia Mirza was trolled online after she shared an incident where her 5-year-old son, Avyaan, scolded a delivery agent for bringing coconut water in a plastic bag. After a clip from Soha Ali Khan's podcast went viral, many people on the internet criticized Dia and her son, accusing them of arrogance. Amidst this criticism, actor Richa Chadha has come out in support of Dia. Richa Chadha reposted a user's comment on Instagram, which stated that Dia preaches environmental awareness and then drives around in her Jaguar car. Richa wrote a long note in response, saying, "You guys wonder why actors don't speak up? Doing something is bad, doing nothing is bad! Besides the usual insults from stupid people, there's this! Hey, what about actors' mental health? Shouldn't it be actors' duty to fuel sensational news by committing suicide every day? Right? Privileged women would be shamed for saying anything out of context. Lipstick, bikini, GRWM, OOTD, makeup haul, etc. Just for your information, she's associated with a bamboo paper company (meaning trees aren't cut down to make paper) and a plastic recycling startup called 'WITHOUT', which makes some great sunglasses. She's also made a lovely short film on climate, which will be screened tomorrow, July 3rd, at PardaFaash in Mumbai." Be sure to check these out, because if you can bother a 5-year-old, you can at least do a basic Google search, right?' Dia doesn't own a Jaguar. Richa continued, "She gave me 1,100 trees as a wedding gift, and when I had my daughter, she inspired me to gift trees to the press. Have you seen the pictures? She doesn't own a Jaguar, haha. I've only seen two electric cars so far. If she wasn't perfect before, then God, forgive her, have mercy on her. Dia does as much environmental work in a single day as YouTube bloggers (who can give Perez Hilton a run for their money) or perhaps you do in an entire year. People who want to do good in the world pay a huge personal price for it. So please discourage her, don't troll her from the comfort of your chair." Call them hypocrites because today, right now, the most important thing is to shame them.' Diya had narrated this anecdote about her son - While talking on a podcast, Diya had said, 'The coconut seller brought coconuts, and I get very angry seeing coconut water in plastic bags and plastic straws. Poor boy, he had no idea who he was giving the coconut to. So Avyan opened the door and, with his hand on his waist, said, 'Brother, I brought it in plastic; plastic is not allowed in our house. You take it out of the plastic, put it down, and take the plastic and straw with you.'**

# Frankie Muniz's fans are shocked as the actor announces his divorce; a six-year relationship ends.




**Frankie Muniz is a well-known Hollywood actor. The actor shared the news of his divorce with fans on social media on Thursday. He has separated from his wife after six years of marriage. Actor Frankie Muniz and his wife, Paige Price, have announced their divorce. The couple is ending their six-year marriage. They announced this in an Instagram post, adding that they will co-parent their five-year-old son. Why did they decide to divorce? In his Instagram post, Frankie Muniz wrote, "Life update. After some time apart, Paige and I have decided to end our marriage. After spending many beautiful years together, we have undergone changes that have made us realize that our relationship feels most natural and strong as a deep friendship and as co-parents. We have a wonderful son who means the world to us." The love we've found together has made us both better and stronger parents.' Shared a special message for his wife - In his post, the actor further wrote, 'I am deeply grateful for everything Paige (wife) has done for me and our family. She put her dreams on hold so I could pursue mine. She has always been my biggest supporter. That foundation of respect and friendship will always remain. We are excited to continue growing Muniz Racing together and raising our son with the same teamwork and love. However, we have both decided not to answer any questions on this matter. Please respect our family's privacy at this time.' Married secretly 6 years ago - Let us tell you that Frankie Muniz secretly married on October 3, 2019, after hiking on Camelback Mountain in Arizona. The couple celebrated their wedding with family and friends on February 21, 2020, when fans came to know about their marriage.**